मुंबई□ लोकप्रिय बंगाली अभिनेता प्रसेनजीत चटर्जी ‘खूबसूरत’ की रीमेक में अशोककुमार वाली भूमिका में नजर आ□ंगे□

सोनम कपूर की बहन रीया 1980 की इस क्लासिक कॉमेडी का ऑफिशियल रीमेक बना रही हैं□ ‘क्वीकगन मुरूगन’ से चर्चा बटोर चुके शशांक घोष इसका निर्देशन करेंगे□

प्रसेनजीत ने कहा, ‘‘मैंने कहानी सुनी है और पसंद आया□ मैं पिता वाली भूमिका निभाउंगा...मूल फिल्म में अशोककुमार ने यह भूमिका निभाई थी□’’

उन्होंने कहा, ‘‘मैंने मूल फिल्म देखी है और इसका हिस्सा बनकर खुश हूं□ तारीख और अन्य चीजों पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं□ मुझे लगता है कि नवंबर में मैं इसकी शूटिंग शुरू करूंगा□’’

मूल फिल्म का निर्देशन रिषिकेश मुखर्जी ने किया था□ इस फिल्म में रेखा, दिवंगत अशोककुमार, और राकेश रोशन नजर आ□ थे□

भाषा